प्रेस-नोट
थाना रक्सा, जनपद झाँसी

दिनाँक-18.06.2025

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वाँछित अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **हत्या के प्रयास के अभियोग में वाँछित 04 अभियुक्त गिरफ्तार,**
- **घटना में प्रयुक्त तमंचा-कारतूस बरामद,**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी, श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में अपराधों की रोकथाम एवं वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना रक्सा पुलिस द्वारा आज दिनाँक 18.06.2025 को अभियुक्त 1. हरीमोहन 2. जितेन्द्र पुत्र गण छोटे लाल 3.दिलीप पुत्र हरीमोहन 4. आशा पत्नी हरीमोहन निवासी गण ग्राम सारमऊ थाना रक्सा जनपद झाँसी सम्बन्धित मु0अ0सं0 145/2025 धारा 109/352/351(2) (3) BNS थाना रक्सा, जनपद झाँसी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त हरिमोहन उपरोक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा-कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

संक्षिप्त विवरण—

थाना रक्सा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सारमऊ में प्रतिवादियों द्वारा वादी श्री कुन्दन के चाचा बलराम के साथ मारपीट करने व जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर कर गम्भीर रूप से घायल कर देने के सम्बन्ध मे वादी श्री कुन्दन पुत्र राजेश अहिरवार निवासी ग्राम सारमऊ थाना रक्सा जनपद झाँसी द्वारा दिनाँक 17.06.2025 को थाना रक्सा पर दिये गये लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर दिनांक 17.06.2025 को मु0अ0सं0 145/2025 धारा 109/352/351(2) (3) BNS बनाम 1. हरीमोहन 2. जितेन्द्र पुत्र गण छोटे लाल 3.दिलीप पुत्र हरीमोहन 4. आशा पत्नी हरीमोहन निवासी गण ग्राम सारमऊ थाना रक्सा जनपद झाँसी पंजीकृत किया गया। उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास किये जा रहे थे। जिसके क्रम में आज दिनांक 18.06.2025 को मुखबिर की सूचना पर नामित अभियुक्तगण 1. हरीमोहन 2. जितेन्द्र पुत्र गण छोटे लाल 3. दिलीप पुत्र हरीमोहन 4. श्रीमती आशा पत्नी हरीमोहन उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त हरीमोहन पुत्र छोटेलाल उपरोक्त के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. हरीमोहन अहिरवार पुत्र छोटेलाल,
2. जितेन्द्र पुत्र छोटे लाल,
3.दिलीप पुत्र हरीमोहन,
4. श्रीमती आशा पत्नी हरीमोहन निवासी गण ग्राम सारमऊ थाना रक्सा जनपद झाँसी

बरामदगी - 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तार करने वाली टीम थाना रक्सा -

1. श्री राहुल सिंह राठौर, थानाध्यक्ष रक्सा, जनपद झाँसी
2. उ0नि0 श्री शिव कुमार, चौकी प्रभारी डोंगरी, थाना रक्सा जिला झाँसी
3. उ0नि0 श्री रवि कुमार, थाना रक्सा जिला झाँसी
4. उ0नि0 श्री ओमप्रकाश मिश्रा, थाना रक्सा जिला झाँसी
5. का0 1869 सुखवीर सिह थाना रक्सा जिला झाँसी